तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 एक महीने में उखड़ने लगी डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क





2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482

81030 45003

Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर शनिवार को शशि शेखर मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर एवं मो.स्माइल खान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ एवं शासकीय उच्च माध्यमिक डोमहरा में हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त शैक्षिण स्टॉफ का समीक्षा बैठक लेकर पढ़ाई के बारे में चर्चा की गई। तथा बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए सभी शिक्षकों को लेसन प्लान के कार्य योजना के साथ अध्यापन कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया।

### जिले में अब तक 483.3 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ताजा ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 6.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 18 जुलाई तक जिले में कुल औसत 483.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है, जो खरीफ फसलों की बोआई और उनकी प्रारंभिक बढ़वार के लिए अनुकूल मानी जा रही है। तहसीलवार ऑकड़ों में कोटाडोल 647.6 मिमी वर्षा के साथ पहले स्थान पर है। भरतपुर में 597.0 मिमी, चिरमिरी में 442.7 मिमी, खड़गवां में 409.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़ में 407.9 मिमी और केल्हारी में 395.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### श्रमिक संगठनों के सदस्यों की हुई जांच



**डोमनहिल।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की विभिन्न खदानों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों द्वारा सदस्यता सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 18 और 19 जुलाई को प्रारंभ हुआ। इसमें कर्मचारियों की सदस्यता की जांच की गई। तीसरे चरण का सत्यापन 21 जुलाई को प्रस्तावित है, जबकि छुट्टी पर गए कर्मचारियों की सदस्यता की पुष्टि 28 जुलाई को की जाएगी। सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया में प्रमुख श्रम संगठन, एचएमएस, बीएमएस, इंटक और एटक श्रम संगठन भाग ले रहे हैं। प्रबंधन इन संगठनों को कर्मचारियों से सहमति प्राप्त कर उनके वेतन से सदस्यता शुल्क काटकर संबंधित संगठन को हस्तांतरित करते हैं। वहीं संगठन सीटू सदस्यता सत्यापन अभियान से अलग रहते हुए अपने समर्थकों से नगद शुल्क स्वीकार कर रहे हैं। संगठन पदाधिकारी श्रमिक कॉलोनियों सहित आसपास के क्षेत्रों में निवासरत कोयला कर्मचारियों के घरों तक पहुंच कर उन्हें विश्वास में लेने और समर्थन सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

### टेढ़े मेढ़े पैर वाले बच्चों का किया गया परीक्षण

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय, मातृत्व शिशु अस्पताल परिसर में संचालित डीईआईसी (जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र) में क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से एक दिवसीय क्लबफुट पावफिरा टेडेमेडे पैर के बीमारी से ग्रसित बच्चों हेतु शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पीएस मार्को के मार्गदर्शन में शिविर में क्लबफूट पावफिरा (मुड़ा पैर) के विकृति वाले बच्चों का प्लास्टर किया गया तथा क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के तरफ निःशुल्क जूता दिया गया। संबंधित विशेषज्ञों द्वारा 102 बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण एवं उपचार किया गया। जिसमें क्लब फुट के 42 बच्चों का परिक्षण कर 20 बच्चों का प्लास्टर और 22 बच्चों को जूता दिया गया।

## विभाग नहीं दे रहा ध्यान, रोजाना सैकड़ों लोगों की रहती है आवाजाही

# नवनिर्मित पुल पर जानलेवा गड्ढे





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित गेज नदी पर करोड़ों रूपए की लागत से नव निर्मित पुल के पास जानलेवा गड्ढे बन गए है, इसके सुधार कार्य करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि उक्त पुलिया से प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों की आवाजाही होती हैं, जिनके दुपहिया वाहनों के अलावा चार पहिया वाहन शामिल हैं, इनके दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

उल्लेखनीय है कि करोड़ों रूपए की लागत से नवनिर्मित गेज पुल आवागमन शुरू हुए एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है, इसके पूर्व ही नवनिर्मित पुल के किनारे हिस्से पर जहां से एप्रोच सड़क का निर्माण कर मुख्य मार्ग से जोड़ा गया है, वहां पुल के ठीक बाद सड़क पर गड्ढे हो गए है। पुल के पास अचानक बने गड्ढे के कारण वाहन चालकों को इस जगह पर आर पार होने में गड्ढे के कारण परेशानी होती है। हिचकोले खाकर इस स्थल से पार होना पड़ता है। वहीं दुपहिया वाहन चालकों के लिए गड्ढ़ायुक्त सड़क खतरे की घंटी बजाती है, इस स्थल पर गड्ढ़े के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, बावजूद इसके ⏭ शेष पेज 4 पर

### इधर गौरवपथ के गड्ढ़े भरे गए

शहर के प्रमुख सड़क में से एक गौरवपथ मार्ग जो कि शहर की प्रमुख मार्ग में शामिल है। इस मार्ग में पोस्ट आफिस, जनपद पंचायत कार्याल, सिटी कोतवाली, रक्षित केन्द्र, जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय है, इसके चलते लोगों का प्रतिदिन इस मार्ग पर आना-जाना लगा रहता है। बीते कुछ दिनों से गौरवपथ मार्ग पर भी पोस्ट आफिस से लेकर जिला अस्पताल तक जगह-जगह गड्ढ़े बन गए थे, जिसके कारण लोगों को गौरवपथ मार्ग पर आवागमन में परेशानी होती थी। कई दिनों की परेशानियों के बीच गौरवपथ पर जनपद काम्प्लेक्स के पास से फव्वारा चौक तक जगह-जगह गड्ढ़ों को सीमेंट से भर दिया गया है, इससे अब इस बरसात में आवागमन में लोगों को दिक्कत नहीं होगी।

### मरीजों को होती थी परेशानी

गौरवपथ मार्ग पर फव्वारा चौक से लेकर जनपद पंचायत कार्यालय काम्प्लेक्स तक जगह-जगह जानलेवा गड्ढ़े बन जाने से इस मार्ग पर जिला अस्पताल एम्बुलेंस से आने जाने वाले मरीजों को हिचकोले खाते हुए आना-जाना पड़ता था, जो मरीजों के लिए परेशानियों भरा सफर कुछ ही दूरी की सड़क थी ,जिससे अब सुधार कार्य कर दिए जाने के कारण निजात मिल गई।

# यात्रियों की सहूलियत सिर्फ कागजों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ रेलवे स्टेशन की हालत बदहाल

रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का दावा करने वाला रेलवे प्रशासन मनेन्द्रगढ़ स्टेशन की वास्तविक हालत पर ध्यान देने को तैयार नहीं है। शहर से रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क से लेकर प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 तक गंदगी, अव्यवस्था और लापरवाही का बोलबाला है।

रेलवे स्टेशन तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क पर चारों ओर कचरे और कीचड़ का साम्राज्य है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलवे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का नामोनिशान नहीं है, जिससे न केवल बदबू फैल रही है, बल्कि बरसात के दिनों में लोगों को चलने में भारी परेशानी हो रही है। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 की हालत बेहद दयनीय है। यहां तक कि प्लेटफार्म की सतह पर घास उग आई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लंबे समय से सफाई नहीं की गई। यह स्थिति यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों के लिए खतरा बन रही है। प्लेटफार्मों पर पर्याप्त मात्रा में सीमेंटेड सीटें और शेड नहीं लगे हैं, जिससे बरसात में





यात्री खुले में भींगने को मजबूर हैं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि प्लेटफार्म नंबर 1 पर ट्रेनों का अधिक आवागमन होता है, फिर भी बुनियादी सुविधाएं यहां भी अधूरी हैं। यात्रियों के बैठने, छांव या साफ-सफाई की कोई सुनिश्चित व्यवस्था नहीं है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यदि यही हालत रही तो रेलवे की छवि पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगेगा। उन्होंने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मनेन्द्रगढ़ स्टेशन पर तत्काल निरीक्षण करें। सभी प्लेटफार्मों पर पर्याप्त संख्या में सेटिंग बेंच और शेड लगवाए जाएं, प्लेटफार्म की सतह की मरम्मत और घास की सफाई करवाई जाए, स्टेशन आने वाली सड़क की मरम्मत और सफाई सुनिश्चित की जाए।

## ईडी की छापामारी पर कांग्रेस का हमला

**मनेन्द्रगढ़।** छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर प्रदेशभर में राजनीतिक तापमान चढ़ा हुआ है। मनेन्द्रगढ़ में कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को भाजपा सरकार की तानाशाही मानसिकता और विपक्ष की आवाज दबाने का षड़यंत्र करार दिया।

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। ईडी और आईटी जैसे जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराया जा रहा है। यह लोकतंत्र के खिलाफ एक खतरनाक संकेत है। पूर्व न्यायाधीश युवा कांग्रेस नेता व्यंकटेश सिंह ने कहा कि जब-जब भाजपा सरकार की विफलताएं सामने आई हैं, तब-तब कांग्रेस नेताओं पर ईडी और आईटी के छापे डलवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा सत्र के अंतिम दिन भूपेश बघेल रायगढ़ के तमनार क्षेत्र में अवैध जंगल कटाई और अडाणी समूह को जमीन सौंपने के मुद्दे को उठाने वाले थे, इसी भय के चलते भाजपा सरकार ने यह कार्रवाई करवाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 18 महीनों में सरकार ने जल, जंगल और जमीन को बेचने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हसदेव अरण्य और रायगढ़ के तमनार जैसे क्षेत्र के हरे-भरे जंगलों को उजाड़कर अडाणी के हवाले कर दिया गया है।

### 25 बसों से जब्त किए गए प्रेशर हॉर्न

**अम्बिकापुर।** शहर में प्रेशर हॉर्न के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बस व ट्रकों में प्रेशर हार्न लगाकर कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान 25 बसों से प्रेशर हॉर्न जब्त कर 50 हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। भारी वाहनों मे लगे प्रेशर हॉर्न राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए कई परेशानी उत्पन्न करते है, बस एवं ट्रकों से प्रेशर हॉर्न से निकलने वाली तेज आवाज कई लोगों के सुनने की क्षमता भी प्रभावित कर रही है। दुरुस्त यातायात व्यवस्था के साथ साथ नागरिकों के हितो कों संज्ञान मे लेकर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने यातायात पुलिस टीम कों ऐसे प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों पर सख़्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसी कड़ी में यातायात पुलिस टीम ने भारी वाहनों मे लगे हॉर्न की चेकिंग की गई।

# छाल रेंज में हाथी ने एक मकान को ढहाया मवेशी को भी उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों का उत्पात जारी है। बीती रात एक हाथी ने एक ग्रामीण के मकान को तोड़ते हुए एक मवेशी को भी मौत के घाट उतार दिया है। मामले की जानकारी मिलते ही वन

■ क्षेत्र में दहशत का माहौल, वन विभाग ने किया अलर्ट जारी

विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग द्वारा लोगों



को जंगल की ओर नहीं जाने के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार खडगांव बीट के अंतर्गत आने वाले सिथरा गांव में बीती रात जंगल से गांव पहुंचे एक हाथी ने प्रहलाद राठिया के मकान को तोडते हुए वहां रखे एक बोरी धान को खा गया। इसके बाद हाथी गांव के ही जगसिंह के एक भैंस को भी मौत के घाट उतार दिया। शनिवार की सुबह इस मामले की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। खडगांव बीट में अभी वर्तमान में एक ही हाथी विचरण कर रहा है।

### 136 हाथी कर रहे विचरण

इन दिनों रायगढ़ जिले में कुल 136 हाथी विचरण कर रहे हैं, जिसमें धमरजयगढ़ वन मंडल में 88 हाथी तो रायगढ़ वनमंडल में 48 हाथियों की मौजूदगी है। सर्वाधिक हाथी बाकारूमा रेंज के तेजपुर में 25, छाल रेंज के बेहरामार में 25, कापू रेंज के कूमा बीट में 13, रायगढ़ वन मंडल के कांटाझरिया बीट में 16, तमनार रेंज के हिंझर में 13, घरघोड़ा रेंज के कटंगडीह में 10 के अलावा अलग-अलग बीट में हाथियों की मौजूदगी है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग रोजगार के मिलेंगे अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेन्द्रगढ़ के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने नर्सिंग छात्रों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अन्य राज्यों और विदेशों में रोजगार दिलाने के लिए सरकार द्वारा नई पहल शुरू की जा रही है।



■ नर्सिंग छात्रों के लिए खुशखबरी

इस योजना के तहत छात्रों को भाषा, कार्यशैली और व्यवहारिक दक्षता में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। प्रशिक्षण का कार्य पैन-आईआईटी के सहयोग से किया जाएगा, जो देश की शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों का समूह है और वैश्विक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए प्रसिद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि नर्सिंग छात्रों के लिए कैंपस सिलेक्शन प्रक्रिया भी आयोजित की जाएगी, जिसके माध्यम से उन्हें देश के अन्य राज्यों और अंतरराष्टीय स्वास्थ्य संस्थानों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छग के छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन और गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण की। यह योजना युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि उन्हें वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पहचान भी दिलाएगी।

# सदस्यता सत्यापन के पहले दिन बीएमएस आगे

**चरचा कॉलरी।** कोयलांचल क्षेत्र में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी श्रमिक संघों की सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

बैकुंठपुर क्षेत्र में 19 एवं 21 जुलाई को दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन आयोजित किया जा रहा है, जबकि जो कामगार किसी कारणवश सत्यापन नहीं कर पाए हैं, उनके लिए प्रबंधन द्वारा 25 जुलाई को अंतिम मौका दिया गया है। वहीं 26 जुलाई को शाम 6 बजे तक क्षेत्र में सक्रिय सभी श्रमिक संघों की सदस्य संख्या की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। हालांकि परंपरा के अनुसार 21 जुलाई की शाम तक तस्वीर लगभग साफ हो जाती है कि किस यूनियन का पलड़ा भारी रहेगा। पहले दिन शनिवार को क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय

■ श्रमिक संघों के बीच सदस्यता को लेकर जोर आजमाइश



में सदस्यता सत्यापन का कार्य सुबह 9 से शाम 6 बजे तक शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधि सुभाष नगर चौक, वीटीसी चौक, पोस्ट ऑफिस, को-ऑपरेटिव एवं चरचा ईस्ट मार्ग पर डटे रहे और श्रमिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में लगे रहे। इस बार सदस्यता के लिए पहले जैसी लंबी कतारें नहीं देखी गइं, लेकिन मतदान का उत्साह बना रहा। शाम 5:30 बजे तक चरचा माइन आरओ में हुए आंशिक ऑकड़ों के अनुसार बीकेकेएमएस (बीएमएस) 375 मत पाकर पहले स्थान पर रही। इंटक यूनियन ने 259 मतों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। एचएमएस को 213, एटक को 195 और नोटा को 191 मत मिले। इस बीच इंटक यूनियन ने एक दिन पहले ही अपने कार्यालय में कर्मचारियों के लिए भोज एवं मदिरा पार्टी का आयोजन कर सदस्यता बढ़ाने की कोशिश की, जिसका श्रमिकों ने भी भरपूर लुत्फ उठाया। अब सभी की निगाहें 21 जुलाई की शाम पर टिकी हैं, जब यह लगभग तय हो जाएगा कि किस यूनियन की सदस्यता सबसे अधिक रही, इसके बाद विजयी यूनियन के समर्थकों द्वारा आतिशबाजी और मिठाइयों के साथ जश्न मनाया जाना तय माना जा रहा है।

# सरिया में गौ मांस काट रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सरिया।** महानदी पुल के पास गौ मांस काट रहे तीन लोगों को सरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गौ सेवकों की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरिया में पहली बार गौ मांस की मांस बरामद होने से गौसेवकों में तीव्र रोष व्याप्त है। इस पर कार्रवाई की मांग पुलिस प्रशासन से की है। बता दे कि कल रविवार को सरिया में दो-दो मंत्रियों के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन जहां व्यवस्था में लगा है। वही गौ मांस की गौ सेवकों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। गौ सेवकों ने सरिया थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में बताया गया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी टिकेश्वर सतनामी व दो अन्य व्यक्ति महेत्तर रात्रे व हलधर सतनामी के द्वारा सरिया परशरामपुर मार्ग पर महानदी पुल के पास सड़क किनारे गौ मांस काट रहे थे। इस दौरान गौ सेवक उक्त रास्ते से गुजर रहे थे और सड़क किनारे गौ मांस काटने की घटना होने पर उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी सरिया प्रमोद यादव को सूचना दी। थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जिसमें टिकेश्वर रात्रे सरिया एवं महेत्तर रात्रे जलगढ, हलधर सतनामी,जलगढ से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

## हर सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में होता है रूद्राभिषेक

# श्रद्धा और आस्था का केन्द्र बना सिद्ध बाबा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के धार्मिक आस्था का प्रमुख केन्द्र श्री सिद्धबाबा मंदिर में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगत देखने को मिल रहा है। सावन मास की पवित्रता और सोमवार की विशेष महत्ता के चलते मंदिर में प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं।

मंदिर समिति के अनुसार प्रत्येक सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4 बजे से भगवान शिव का रूद्राभिषेक प्रारंभ होता है। इसमें स्थानीय ही नहीं, दूर-दराज से आने वाले भक्त भी भाग लेते हैं। रूद्राभिषेक की इस दिव्य प्रक्रिया के दौरान पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो जाता है। वैदिक मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की आस्था से वातावरण अत्यंत पावन और ऊर्जावान बन जाता है, इसके साथ ही



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

सायंकाल में महाकाल की तर्ज पर भगवान श्री सिद्धबाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाता है। भव्य श्रृंगार दर्शन के लिए सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर में उमड़ते हैं। विशेष फूलों, आभूषणों, वस्त्रों और दीपों से सजाए गए भगवान श्री सिद्धबाबा के दिव्य स्वरूप के दर्शन भक्तों को एक अनोखी आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करते हैं। मंदिर समिति और स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसमें कावड़ियों के लिए जलपान, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, प्रसाद वितरण और रूद्राभिषेक सामग्री शामिल है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि श्री सिद्धबाबा मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है। सोमवार को मंदिर आकर न केवल धार्मिक लाभ मिलता है, बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा भी प्राप्त होती है। सावन मास के शेष सोमवारों में श्रद्धालुओं की संख्या में और भी अधिक वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। मंदिर प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया ⏭ शेष पेज 4 पर

# इंदिरा पार्क में 450 पौधों का रोपण





**बैकुण्ठपुर।** 18 जुलाई को नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा मां के नाम एक पेड़ अभियान के अंतर्गत इंदिरा पार्क परिसर में 450 पौधों का पौधरोपण किया गया। साथ ही आने वाले दिनों में लगभग 4500 और पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस पर्यावरणीय कार्य में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे, उप अभियंता कु. अंजुमिका एक्का, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी तथा स्वच्छता टीम के समस्त सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर पौधों को रोपित किया और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी लेने की बात कही। अधिकारियों ने कहा कि यह केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के सम्मान का प्रतीक है। आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वायु और हरा-भरा वातावरण तैयार करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप

### मशीन खरीदी में अनियमितता का आरोप, पुलिस से शिकायत



**अम्बिकापुर।** अधिवक्ता डीके सोनी ने कोतवाली पुलिस से पूर्व जिपं सीईओ नूतन कंवर व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा खरीदे गये बेलिंग मशीन फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन व वजन मशीनों में अनियमितता किए जाने की शिकायत कर अपराध दर्ज करने की मांग की है। डॉ.सोनी ने बताया कि जिले के 7 जनपद पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बेलिंग मशीन, फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन व वजन मशीन क्रय प्रस्तावित था। कार्यालय मिशन संचालक राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु नियमित मद से हार्डवेयर मद में व्यय हेतु 855 लाख रूपए 2024-25 हेतु नियमित मद से हार्डवेयर मद में 465.17 एवं 747.50 लाख रूपए आवंटित किया गया था। तत्कालीन जिपं सीईओ द्वारा पंचायतों के खाते में 89.60 लाख रूपए का भुगतान किया गया और खरीदी के लिए जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया। ग्राम पंचायत में भेजी गई मशीनों का अब तक उपयोग नहीं हुआ है।

### युवक ने दिए उधार पैसा मांगा तो ग्रामीण ने किया जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम पार्वतीपुर निवासी बबल सिरदार आ. रूपन सिरदार (28 वर्ष) गत दिन गांव के प्रधान के यहां बकरा काटने गया था। रात को अपने हिस्से का बकरा बटन लेकर वापस घर आने लगा और जैसे ही घर के समीप पहुंचा तभी राजा बिहारिया को देख पूर्व में दिए गए 5 सौ रुपए की मांग करने लगा। जिस पर राजा ने पैसा देने से मना कर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि राजा ने अपने पास रखे शराब बोतल से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इधर शोर सुनकर परिजन बाहर निकले और बीज बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं

**अंबिकापुर।** बिहार में मतदाता सूची को लेकर चल रहे विवाद के बीच छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा है कि बिहार में चल रही मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया जिस प्रकार से शुरू की गई है, उससे यह स्पष्ट हो चुका है कि यह पूरी कवायद बिना समुचित तैयारी, पारदर्शिता और जमीनी समझ के की जा रही है। हाल ही में वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम द्वारा इस प्रक्रिया में सामने लाई गई गड़बड़ियों ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अफसोस की बात है कि इन रिपोर्टों की निष्पक्ष जांच करने और सुधार की दिशा में कदम उठाने के बदले चुनाव आयोग द्वारा अपराध दर्ज कराया गया है। यह न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को भी गंभीर नुकसान पहुंचाने वाला कदम है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, विशेषकर अल्पसंख्यक विभाग इस पूरे मामले की निंदा करता है और उम्मीद करता है कि चुनाव आयोग आत्मचिंतन कर अपने निर्णयों की समीक्षा करेगा।

### प्रमाण पत्र के नाम पर अनावश्यक दस्तावेजों की मांग, पार्षद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापपुर।** तहसील कार्यालय में आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही अड़चन व अनावश्यक दस्तावेज की मांग किए जाने की शिकायत को लेकर पार्षद विजय नायक ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पार्षद विजय नायक का कहना है कि तहसील कार्यालय के कुछ कर्मचारी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में किए गए आवेदनों को बार-बार बिना उचित कारणों के रिजेक्ट कर रहे हैं और अनावश्यक दस्तावेजों की मांग की जा रही है, जिससे आवेदक खासकर विद्यार्थी वर्ग को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद नायक ने बताया कि नवीन कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी और कॉलेज में सेमेस्टर प्रणाली में पढ़ने वाले छात्र आय प्रमाण पत्र के बिना छात्रवृत्ति योजनाओं से वंचित हो रहे हैं जिससे उनके शैक्षणिक भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। पार्षद ने मांग की है कि यदि किसी आवेदन में दस्तावेजों की कमी हो तो एक ही बार में सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्पष्ट सूची दी जाए, ताकि आवेदक भटकने से बचे और बार-बार आवेदन रिजेक्ट न हो।

### चोरों ने घर के आंगन से पार किया बाइक, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम उमको निवासी कार्तिक तिर्की आ. बिजेन्द्र तिर्की (40 वर्ष) बुधवार की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 डीपी 3288 को घर के आंगन में खड़ा कर सो गया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महान व गागर नदी पर पुल निर्माण के लिए 15 करोड़ की स्वीकृति

राजपुर। क्षेत्र के महान नदी पर अब दस करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा जबकि गागर नदी पर भी 5 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा की पहल पर शासन की ओर से दो उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पुल निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी होने पर विधायक श्रीमती पैकरा ने सीएम विष्णुदेव साय और लोनिवि मंत्री एवं डिप्टी सीएम अरुण साव का आभार जताया है।

## पीएमजीएसवाई द्वारा कराया गया है निर्माण

# एक महीने में उखड़ने लगी डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

सुदूर अंचलों में आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार अनेकों प्रयास कर रही है और करोड़ो रुपए की राशि जारी कर रही है लेकिन अधिकारी और ठेकेदार मिलकर शासन की मंशा पर पानी फेरने का काम कर रहे है। ऐसा ही एक मामला जिले के उदयपुर विकासखंड में सामने आया है जहां डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर बनाई गई 10 किमी की सड़क एक महीने भी नहीं टिक पाई। पहली बारिश में ही सड़क धंसने और उखड़ने लगी है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है। हैरानी की बात यह है कि सड़क के उखड़ने की जानकारी विभाग के आला अधिकारियों को भी है लेकिन वे यह मानने को तैयार नहीं है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता से समझौता किया गया है।

**खास बात**

- सेरला से जामखास तक बनी है सड़क, लोगों में आक्रोश का माहौल

दरअसल विकासखंड में सेरला से जामखास तक 9.8 किमी की सड़क वर्षों से जर्जर हालत में थी। यह सड़क लखनपुर, उदयपुर के साथ ही मैनपाट विकासखंड के परपटिया को जोड़ती है। आदिवासीय बाहुल्य क्षेत्रों को जोड़ने वाली इस सड़क पर डामरीकरण की मांग वर्षों से चल रही थी। ऐसे में शासन द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण एजेंसी पीएमजीएसवाई द्वारा सड़क निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण की गई और 1 करोड़ 46 लाख 11 हजार रुपए की लागत से सड़क निर्माण का जिम्मा जशपुर जिले के पत्थलगांव के ठेकेदार मेसर्स अशोक अग्रवाल को दिया गया। इस सड़क के निर्माण का काम 5 दिसम्बर 2024 को शुरू किया गया और महज 6 महीने में ही लगभग 10 किमी की सड़क बनकर तैयार हो गई। ठेकेदार द्वारा 20 जून 2025 को सड़क के निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि सड़क एक महीने भी नहीं टिक पाई। सड़क की गुणवत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर बनाई गई सड़क भारी वाहनों के आवागमन से जगह जगह धंसने लगी है और सड़क उखड़ रही है। सड़क पर बिछाया गया डामर और बह गया और गिट्टी बाहर आ गई है। इतना ही नहीं इस सड़क पर नाली और पुलिया का निर्माण भी किया गया है लेकिन सड़क निर्माण के दौरान घाट कटिंग में भी लेबलिंग का ध्यान नहीं रखा गया जिससे बारिश का पानी सड़क पर आ रहा है। वहीं साइड से नाली धंसक रही है।



नवनिर्मित सड़क जो जगह-जगह से फटने लगी।

### मानक का नहीं किया गया पालन

सड़क निर्माण के दौरान विभाग के अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण ठेकेदार ने जमकर मनमानी की। सड़क निर्माण के दौरान डब्ल्यूएमएम सड़क पर गिट्टी और मुरुम डालने के बदले आस पास की मिट्टी और स्टोन डस्ट डालकर सड़क का निर्माण कर दिया गया। सड़क निर्माण के दौरान घटिया गुणवत्ता के डामर का उपयोग किया गया। यही वजह है कि सड़क एक महीने में ही उखड़ने लगी है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क निर्माण में की गई लापरवाही से अवगत होने के बाद भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया और आने वाले समय में यह सड़क पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी।

### पीएमओ से करेंगे शिकायत

लगभग डेढ़ करोड़ की सड़क एक माह में पूरी तरह से जर्जर हो गई है। ठेकेदार द्वारा बेहद ही घटिया काम किया गया है। इस मार्ग से ग्रामीणों का आवागमन लगातार जारी रहता है। निर्माण के समय सड़क की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन समय रहते ध्यान नहीं दिया गया। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए हम पीएमओ से शिकयत करेंगे। गुणवत्ताहीन निर्माण से ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

सत्य नारायण यादव
उप सरपंच डांडकेसरा

### दिए गए है निर्देश

नव निर्मित सड़क के उखड़ने की जानकारी मिली है। सड़क बीच बीच में खराब हुई है। सड़क का सुधार कराने के निर्देश दिए गए है।

-विकास कौशिक
प्रभारी ईई, पीएमजीएसवाई

# कुम्दा कॉलोनी में तेज आंधी से क्वार्टर पर गिरे पेड़, छत और दीवारों में आईं दरारें

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कुमदा कॉलोनी में बीती रात तेज आंधी की वजह से कई पेड़ आवासीय क्वार्टरों पर गिर गए।पेड़ गिरने से जहां एक तरफ अफरा तफरी मच गई वहीं विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई।गौरतलब है कि गुरुवार की रात कुमदा कालोनी बी टाइप में स्थित मुनेश्वर मंडल, ग्रामीण बैंक के समीप मोहम्मद मोजीब के घर के ऊपर, पार्क कॉलोनी के पीछे सोनू के घर के सामने पेड़ टूटकर गिरने से लोग बाल बाल बच गए।

- रात में सो रहे कॉलोनी वासी तेज आवाज़ सुनकर घर से बाहर निकलकर खुली जगह में भागे

यहाँ पर कोई जनहानि नहीं हुई,लेकिन कई जगह क्वार्टरों की छत क्षतिग्रस्त हो गईं और कई लोगों की जान पर बन आई। स्थानीय लोगों ने बताया कि पेड़ गिरने की जोरदार आवाज से नींद में सो रहे लोग अचानक घबरा कर बाहर की तरफ भागे। बताया गया कि कुमदा कालोनी के कई क्वार्टरों की छत पर पेड़ के गिरने से दीवारों में दरारें आ गई हैं, जिन घरों पर पेड़ गिरा,उन घरों में रह रहे परिवार पूरी तरह सहमे हुए हैं।पेड़ों के गिरने से बिजली के तार भी क्षतिग्रस्त हो गए।कॉलोनी में पूरी रात बिजली आपूर्ति बंद रही जिससे लोगों को भारी असुविधा हुई।बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल की सप्लाई भी बाधित हो गई। लोगों का आरोप है कि कुमदा कॉलोनी में वर्षों पुराने और जर्जर हो चुके पेड़ों को लेकर कई बार शिकायत की गई है लेकिन पेड़ों की छंटाई नहीं की गई और सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम भी नहीं उठाया गया।



### अर्जुननगर गांव में नशे की हालत में अधेड़ की हुई मौत

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुननगर निवासी 45 वर्षीय अधेड़ ग्रामीण प्रसाद राम पिता कुन्नू राम बिंझीया की गत दिवस नशे की हालत में मौत हो गई।रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है,पुलिस ने बताया कि मृतक शराब सेवन का आदि था,परिजनों के मुताबिक वह 14 जुलाई को अपने घर से निकला था,तब से वह लापता हो गया,परिजन उसकी पता तलाश कर रहे थे।इसी बीच आज उसका शव शुक्रवार को लहरू बिंझीया नामक ग्रामीण के सुने घर में मिला है।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आत्मानंद विद्यालय में छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बसल के मार्गदर्शन में शासकीय आत्मानंद विद्यालय में छात्राओं का कैरियर काउंसलिंग किया गया। जिसमें विविध सेवा प्राधिकरण की ओर से रूपल अग्रवाल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी द्वारा छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी देते हुए उनको सशक्त बनने एवं आगे अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उत्साहवर्धन किया। साथ ही उनका कैरियर काउंसलिंग किया। महिला संरक्षण अधिकारी इंद्रा तिवारी एवं महिला सशक्तिकरण केन्द्र के केन्द्र समन्वयक द्वारा छात्राओं के कैरियर संबंधी प्रश्न एवं आने वाली बाधाओं के निराकरण करने हेतु स्वयं कानूनी जानकारी प्राप्त करने जागरूक होने हेतु प्रेरित किया। छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच, बाल विवाह, घरेलू हिंसा अधिनियम, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं किसी भी महिला या बच्चो के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा होने पर जानकारी दी गई। छात्राओं को ग्रोसर वितरीत किया गया तथा ग्रोसर में लिखे कानूनो एवं योजनाओं को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



# विद्युत दरों में वृद्धि का आम जनता पर पड़ेगा अतिरिक्त भार : पाठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा 18 माह के कार्यकाल में चौथी बार विद्युत दरों में की गई वृद्धि के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबिकापुर शहर, ग्रामीण एवं दरिमा द्वारा संयुक्त रूप से विद्युत कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

- कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

बता दें कि घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। सर्वाधिक वृद्धि किसानों के कृषि पंप के बिल में की गई है जो कि 50 पैसे प्रति यूनिट है। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिजली न्याय के नाम से चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय किया हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को तीनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने संयुक्त रुप से रैली निकाली और सहायक यंत्री कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार विद्युत दरों में की गई वृद्धी को तत्काल वापस लेने के साथ ही साथ पूरे प्रदेश में ध्वस्त हो चुकी विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिये युद्धस्तर पर अभियान चलाए। स्मार्ट मीटरों को वापस लिया जाये। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा के नेताओं का यह कहना की विद्युत दरों में की गई वृद्धि मामूली वृद्धि है। इससे फर्क नहीं पड़ेगा, पूरी तरह अमानवीय सोच है। प्रदेश सरकार ने 18 माह के अपने कार्यकाल में 4 बार बिजली की कीमतों में वृद्धि करते हुए कुल 80 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर दी है। एक सामान्य परिवार जो महीने में 300 यूनिट बिजली की खपत करता है, उसपर सीधे 240 रुपए का अतिरिक्त भार पडेगा। इसपर कर और अधिभार आदि को जोड़ने पर यह राशि और बढ जायेगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, अम्बिकापुर शहर के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में अम्बिकापुर शहर को पूर्व उपमुख्यमंत्री के द्वारा 2 बड़े सब-स्टेशन की सौगात दी गई थी। इसका शिलान्यास भी हो चुका है। भाजपा की सरकार आने के बाद पुनः मोदी जी से इसका शिलान्यास करवा दिया गया, लेकिन आजतक इसका कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जो कि दुखद है। 22 जुलाई को जिला स्तर पर डीई कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इस दौरान अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, शफी अहमद, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, विनय शर्मा, मो इस्लाम, संजय विश्वकर्मा, दुर्गेश गुप्ता, श्रीमती सीमा सोनी, इंद्रजीत धंजल, नारद गुप्ता, मदन जायसवाल, रशीद अहमद, विकल झा, आशीष जायसवाल, लोकेश कुमार, शुभम जायसवाल, वेदप्रकाश शर्मा, शंकर प्रजापति, सोहन जायसवाल, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, निक्की खान सहित बडी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस ने घेरा विद्युत कार्यालय

सीतापुर। प्रदेश में हुई बिजली दर के बढ़ोतरी के विरोध में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने विद्युत कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने मौजूदा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी के साथ बढ़ी हुई बिजली दर वापस लेने की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री भगत ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह निकम्मी और निरंकुश हो गई है। सरकार ने मनमाने तरीके से बिजली दर में बढ़ोतरी करके इसका प्रमाण भी दे दिया है। भाजपा केवल गरीब, किसान, मजदूर और शोषित वर्ग का शोषण करती है और पूंजीपतियों का साथ देती है। सरकार अगर बढ़ी हुई बिजली दर वापस नही लेती है तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में उग्र प्रदर्शन कर अपना विरोध जतायेगी। एक घँटे तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद पूर्व मंत्री समेत कांग्रेसियों ने बढ़ी हुई बिजली दर वापस लेने की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम सहायक अभियंता विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विधानसभा कांग्रेस प्रभारी लालचंद यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर, गणेश सोनी, अशोक अग्रवाल, संदीप गुप्ता,ब दरुद्दीन इराकी, अरुण गुप्ता, सुनील मिश्रा, सरपंच सुखदेव भगत, नागेश्वर राम, पार्षद अंकुर दास, अनमोल लकड़ा, शंकर गुप्ता, इमरान खान, एनएसयूआई अध्यक्ष दिलेश तिग्गा, राजू पणिकर, संतोष गुप्ता, नरेश बघेल, मतलूब आलम, नसीम खान, विजय गुप्ता आदि मौजूद थे।



# मंत्री के प्रयासों से सूरजपुर को मिली सड़कों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से सूरजपुर जिले की तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को राज्य शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 14.28 करोड़ रुपये है, जिनमें लगभग 9.80 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। यह मंजूरी वित्त विभाग की सहमति के उपरांत जारी की गई है, जिसका उद्देश्य जिले की आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाना और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देना है।



- तीन सड़कों के निर्माण के लिए 14.28 करोड़ रुपए की मंजूरी

स्वीकृत परियोजनाओं में बीरपुर अटल चौक से करमपुर सीमा एवं कसलगिरी सीमा तक सड़क निर्माण लंबाई 3.40 किमी के लिए 4.43 करोड़ रुपए, कसलगिरी से शिवसागरपुर तक 1.40 किमी के लिए 2.19 करोड़ रुपए,प्रतापपुर-भैयाथान मुख्य मार्ग राज्य मार्ग क्रमांक 12 से झिलमिली होते हुए परसापारा तक मार्ग निर्माण लंबाई 5.00 किमी के लिए 7.66 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ग्रामीण संपर्क और बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सूरजपुर की इन सड़कों से न केवल आवागमन बेहतर होगा, बल्कि यह सामाजिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी नई दिशा देगी। इन परियोजनाओं से जिले के कई ग्रामों को सीधे तौर पर लाभ पहुंचेगा और यह कार्य क्षेत्रीय विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# एटक से मिली बराबरी की टक्कर में बीएमएस यूनियन ने पुनः हासिल किया प्रथम स्थान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में श्रमिक संगठनों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन का कार्य शुक्रवार 18 जुलाई को संपन्न हो गया।दूसरे दिवस संपन्न हुए सदस्यता सत्यापन के बाद एसईसीएल प्रबंधन से प्राप्त अधिकृत आंकड़ों के मुताबिक बीएमएस से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ फिर इस बार सभी यूनियनों से आगे होकर नंबर एक की जगह अपने पास बरकरार रखी है, हालांकि दूसरे नंबर पर रही एटक संगठन और बीएमएस के बीच सदस्यता संख्या का काफी कम अंतर रह गया है,एटक और बीएमएस के बीच सदस्यता संख्या को लेकर लगभग बराबरी की प्रतिस्पर्धा चली।प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार एबीकेएमएस इस वर्ष 1150 सदस्यों के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है,जबकि संयुक्त कोयला मजदूर संघ(एटक) 1044 सदस्यों के साथ दूसरे स्थान पर रही है,कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) 305 सदस्यों के साथ तीसरे स्थान, एसईकेएमसी (इंटक)93, इसके अलावा 53 कोल कर्मियों ने किसी भी यूनियन की सदस्यता लेने से इंकार किया है।इन दो दिनों में जो कोल कामगार अवकाश पर है उन्हें 25 जुलाई को सदस्यता सत्यापन का एक अंतिम अवसर मिलेगा।गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी बीएमएस यूनियन अव्वल नंबर पर थी, उसके समर्थन में 1367 कामगारों ने बीएमएस की सदस्यता ली थी,जबकि एटक के समर्थन में 985 सदस्यों ने एटक की सदस्यता ली थी,उस समय दोनों यूनियनों के बीच में 382 सदस्यों के अंतर का फासला था लेकिन इस वर्ष एटक यूनियन ने बीएमएस के समक्ष कड़ी चुनौती पेश की एवं फासले को काफ़ी कम करते हुए महज 106 पर ले आया है।बताया गया कि एटक पिछले डेढ़ से दो महीने में अच्छी मेहनत कर अपनी स्थिति को पूर्व से बेहतर कर लिया।दूसरी तरफ एचएमएस यूनियन की स्थिति साल दर साल बिगड़ती चली जा रही है,गत वर्ष के मुकाबले उसके 101 सदस्य घटे चुके हैं,वही इंटक भी गत वर्ष के मुकाबले कमजोर हुआ है,जबकि नोटा की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

- एटक रही दूसरे स्थान में,प्रथम व द्वितीय स्थान की श्रमिक यूनियन की सदस्यता संख्या में मात्र 106 कर्मियों का रहा अंतर

### चार लेबर कोड प्रभावी होने के बाद बदलेगी स्थिति

गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र में 2300 के करीब कर्मचारी वर्तमान में कार्यरत हैं, वहीं करीब डेढ़ सौ अधिकारी पदस्थ हैं।केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे चार लेबर कोड यदि इस वर्ष प्रभावी कर दिए जाते हैं तो अगले वर्ष सदस्यता सत्यापन की स्थिति में भी बदलाव आएगा।वर्तमान में ऐसी व्यवस्था है कि एक कामगार एक से अधिक यूनियनों की सदस्यता ग्रहण कर सकता है,नया कानून प्रभावी हो जाने के बाद एक कामगार एक यूनियन की ही सदस्यता ले पाएगा और पूरी प्रक्रिया मतदान जैसी पारदर्शी हो जाएगी, ये व्यवस्था वर्तमान में रेलवे सहित अन्य कई पब्लिक सेक्टरों में लागू है।

# पुलिस ने 30 लाख कीमत के गुम हुए 120 मोबाइल किए बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में गुम हुए मोबाइलों को खोजने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। शुक्रवार को एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बरामद किए गए 120 मोबाइलों को संबंधित व्यक्तियों को सौंपा है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपये है। गुम हुए मोबाइलों को जैसे ही उनके मालिकों को सौंपा उनके चेहरे खिल उठे। महीनों या वर्षों पहले खोए हुए मोबाइल नहीं मिलने से लोग काफी परेशान थे।



मोबाइल के गुम होने तथा यूजर्स को होने वाला आर्थिक नुकसान और परेशानियों को ध्यान रखते हुए मोबाइल सर्विलांस में लगाकर ट्रेस कर गुम मोबाइल रिकवर कर मोबाइल धारकों को वापस लौटाया गया। एसएसपी के निर्देशन में गुम हुए मोबाइल को खोजने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही साइबर सेल को मोबाइल गुम होने संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए है।

### साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक

एसएसपी ने मोबाईल वापस लेने आए लोगों से कहा कि वर्तमान समय में मोबाईल एक अत्यन्त उपयोगी वस्तु है। साइबर फ्राड म्युल अकाउंट सहित वर्तमान दौर में धोखेबाज किस तरह धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे है उसकी जानकारी देते हुए सर्तकता बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि गुम हुआ मोबाइल फोन गलत हाथों में चला जाता है, तो निजी जानकारी लीक होने का खतरा रहता है। आपके फोन में आपके बैंक खातों, ईमेल, सोशल मीडिया और अन्य निजी जानकारी के विवरण हो सकते हैं। यदि कोई गलत व्यक्ति आपके फोन तक पहुंच जाता है, तो वह इन जानकारियों का दुरुपयोग कर सकता है। आपके बैंक खातों से पैसे निकालना या आपके सोशल मीडिया खातों को हैक कर सकता है। आपके फोन के टेक्स्ट संदेश, फ़ोटो, वीडियो, और अन्य निजी जानकारी हो सकती है, जिसका दुरुपयोग किया जा सकता है इसलिए मोबाईल को संभाल कर रखे।



# बंगाली फिल्म बक्शो बोंडी से होगा मेलबर्न महोत्सव का उद्घाटन

**मुंबई।** अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की बंगाली फिल्म 'बक्शो बोंडी' भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) के 2025 संस्करण की उद्घाटन फिल्म होगी। फिल्म के सह-निर्माता शोम और जिम सरभ हैं। फिल्म का आधिकारिक ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर 14 अगस्त को होगा। फिल्म में तिलोत्तमा शोम ने अदाकारी की है। फिल्म के निर्देशक सौम्यानंद साही हैं। फिल्म की कहानी कोलकाता के एक उपनगर पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक कामकाजी महिला के आसपास घूमती है। अंग्रेजी में 'शैडोबॉक्स' नाम की इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 75वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम ने कहा बक्शो बोंडी मेरे दिल के बेहद करीब है।

लाइफ Style



# प्रियंका

## अपने दम पर बॉलीवुड में कमाया नाम

उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर बरेली से निकलीं प्रियंका चोपड़ा अब एक इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। मॉडलिंग, फिर मिस वर्ल्ड का खिताब, उसके बाद बॉलीवुड में डेब्यू और फिर इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस और कई अवॉर्ड्स। उसके बाद सीधे टिकट टू हॉलीवुड। किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है प्रियंका चोपड़ा की असल जिंदगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने शुक्रवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में शुरुआत साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद हुई। प्रियंका ने साल 2003 में आई फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई'से की। इसमें उनके साथ सनी देओल और प्रीति जिंटा जैसे स्टार भी शामिल थे। इसके बाद इसी साल प्रियंका अक्षय कुमार और लारा दत्ता के साथ फिल्म 'अंदाज' में नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और प्रियंका इंडस्ट्री की नजरों में आ गईं। उसके बाद साल 2004 में प्रियंका सलमान खान-अक्षय कुमार के साथ फिल्म मुझसे शादी करोगी जैसी एक और सफल फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस आईं।

इसी साल प्रियंका ऐतराज में निगेटिव रोल में नजर आईं और अवॉर्ड भी जीता। इसके बाद प्रियंका इंडस्ट्री में पूरी तरह से स्थापित हो गईं। बॉलीवुड में सफलता पाने के बाद और हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बनने के बाद प्रियंका ने रुख किया हॉलीवुड का। साल 2015 में वो पहली बार अमेरिकन टीवी सीरीज क्वांटिको में नजर आईं। इस सीरीज के दो सीजन आए दोनों में प्रियंका नजर आईं और उनके काम की तारीफ भी हुई और उन्हें अवॉर्ड भी मिले। इसके बाद साल 2017 में वो हॉलीवुड की एक्शन-कॉमेडी फिल्म बेवॉच में नजर आईं।

## हॉलीवुड मसाला




# मोर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** वार्नर ब्रदर्स ने मॉर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। यह फिल्म 24 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तीन घंटों के अंदर फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर 80 हजार से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। ट्रेलर में लॉर्ड रैडेन जॉनी केज को मॉर्टल कॉम्बैट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए बुलाते हैं। इसमें किटाना, शाओ खान, लियू कांग, जैक्स और बाराका जैसे किरदार दिखते हैं। यह फिल्म पहले की तुलना में ज्यादा हास्यपूर्ण और रोमांचक है, जो जॉनी केज के मजेदार स्वभाव के कारण और आकर्षक लगती है।



# हूज सॉरी नाउ गाने से हुई कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी संगीत जगत की एक चमकती हुई आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई है। स्टूपिड क्यूपिड, प्रिटी लिटिल बेबी और हूज सॉरी नाउ? जैसे हिट गानों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली मशहूर गायिका कोनी फ्रांसिस का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। कोनी फ्रांसिस का सिंगिंग कॅरियर 1957 से 1964 तक अपने सुनहरे दौर में था। उस समय जब रॉक एन रोल म्यूजिक का क्रेज तेजी से बढ़ रहा था, तब कोनी ने अपनी मधुर और दिल को छू लेने वाली आवाज से फैंस के दिलों में खास जगह बना ली। वो उस समय की पहली सफल महिला गायिकाओं में से एक थीं, जिनके गाने लगातार टॉप म्यूजिक चार्ट्स में बने रहते थे। उनके कॅरियर की शुरुआत 'हूज सॉरी नाउ?' जैसे सुपरहिट गाने से हुई, जो रातोंरात वायरल हो गया था। इसके बाद 'द हार्ट हेज ए माइंड ऑफ इट्स ओन' और 'डोन्ट ब्रेक द हार्ट डेट लव्स यू' जैसे गानों ने उनकी पहचान को और मजबूत किया। उनकी गायकी की खासियत थी उसमें छुपे इमोशन्स और दर्द, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को आकर्षित करती रही।



# पसंद आई प्यार और जुनून की कहानी

**मुंबई।** मोहित सूरी की फिल्म सैयारा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आशिकी 2 और एक विलेन जैसी यादगार सुपरहिट लव स्टोरी देने वाले मोहित सूरी इस बार एक नई प्रेम कहानी के साथ लौटे हैं। फिल्म में इश्क, जुनून, दर्द और तड़प की कहानी को दिखाया गया है। सैयारा पूरी तरह से एक रोमांटिक-लव स्टोरी है। फिल्म के गाने पहले से ही सुपरहिट हो चुके हैं। सैयारा देखकर लौटे अधिकांश लोग फिल्म से संतुष्ट नजर आ रहे हैं और फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस फिल्म ने मुझे रुलाया और मुझे प्यार और भरोसे पर फिर से यकीन करना सिखाया है। यह एक शानदार इमोशनल फिल्म है। सिनेमाहॉल से एक वीडियो भी सामने आ रहा है, जिसमें एक शख्स फिल्म देखकर काफी भावुक हो गया और रोने लगा।



# देश को बचाने निकली हिम्मत सिंह की सेना

**मुंबई।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और हिम्मत सिंह एक बार फिर देश को बचाने के लिए हाजिर हो गए हैं। केके मेनन स्टारर स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज हो चुका है। रिलीज होते ही स्पेशल ऑप्स 2 सुर्खियों में भी आ गया है और सोशल मीडिया पर लोग शो की कहानी से लेकर लोगों के अभिनय तक की तारीफ कर रहे हैं। स्पेशल ऑप्स के इस नए सीजन में एआई के बढ़ते इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में दिखाया गया है। कैसे एआई देश के लिए और लोगों के लिए खतरा हो सकता है। इस बार की कहानी देश के टॉप एआई साइंटिस्ट डॉ. पीयूष भार्गव के अपहरण और हिम्मत सिंह की टीम को उन्हें ढूंढने पर आधारित है। डॉ. पीयूष भार्गव ऐसे सीक्रेट्स जानते हैं जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं। ऐसे में रॉ की टीम उन्हें ढूंढने में लग जाती है।

## टीवी मसाला



# दयाबेन बनकर दिशा ने हमेशा हंसाया है सबको

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में दया बेन यानी दिशा वकाणी काफी समय से गायब हैं। फैंस दिशा को दयाबेन के रूप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीच में कई बार ऐसी खबर आई कि दिशा की जगह अब नई दयाबेन आएगी, लेकिन फिर ये खबरें बंद हो जाती हैं। अब शो में सोनू का किरदार निभा चुकीं निधि भानुशाली ने दया बेन को लेकर बात की। निधि से पूछा गया कि क्या वह दिशा को तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में देखना चाहते हैं? इस पर निधि बोलती हैं कि यह फैसला दिशा को ही लेना पड़ेगा और जो भी उनका फैसला हो दर्शकों को उनके फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। निधि ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि हम में से कोई फैसला ले सकता है। यह उनकी लाइफ है, उनकी जर्नी है और सिर्फ उन्हें हक है वह क्या करना चाहती हैं।' निधि ने आगे कहा, 'बतौर दर्शक हम सब चाहते हैं कि दिशा कमबैक करें, लेकिन हमें उनके हर फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में हमेशा हमें हंसाया है।'

## नजर आएगी विवयन और दीपिका की जोड़ी

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का चेहरा रह चुके विवियन डीसेना और दीपिका कक्कड़ के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। बिग बॉस के घर में नजर आ चुके ये एक्टर्स जल्द ही एक नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। विवियन और दीपिका का ये प्रोजेक्ट ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस के तहत बनेगा। इस शो से दोनों टीवी एक्टर्स की छोटे पर्दे पर वापसी होगी। विवियन और दीपिका के इस सीरियल की शूटिंग साल 2026 में शुरू होगी। दीपिका कक्कड़ की बात करें तो आखिरी बार उन्हें सिलेब्रिटी मास्टर शेफ्स में देखा गया था। इसके बाद उन्हें कैंसर हो गया था। कैंसर की वजह से दीपिका कक्कड़ ने टीवी की दुनिया से दूरी बना ली थी। हाल ही में दीपिका की सर्जरी हुई थी। विवयन डीसेना की बात करें तो वो बिग बॉस 18 के घर में नजर आ चुके हैं। विवियन डीसेना कलर्स टीवी के शो मधुबाला, शक्ति और सिर्फ तुम जैसे हिट शोज में भी नजर आ चुके हैं। ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित प्रोडक्शन हाउस में से एक है। विवियन और दीपिका के शो की कहानी या नाम को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# हॉलीवुड नहीं, बॉलीवुड में बनी थी पहली सुपरमैन

**मुंबई।** जब भी हम सुपरहीरो फिल्मों की बात करते हैं, तो सबसे पहले मन में हॉलीवुड की फिल्मों का नाम आता है। जैसे - स्पाइडरमैन, बैटमैन या फिर सुपरमैन। खासकर सुपरमैन, जो 1978 में आई हॉलीवुड फिल्म से पूरी दुनिया में मशहूर हुआ था, जिसमें क्रिस्टोफर रीव ने सुपरमैन वाले किरदार को निभाया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि भारत ने इस फिल्म से भी 18 साल पहले ही सुपरमैन की फिल्म बना दी थी?




### हॉलीवुड से भी पहले भारत ने सुपरमैन फिल्म बना दी थी

भारत ने हॉलीवुड की फिल्म सुपरमैन जो 1978 में आई थी, उससे भी 18 साल पहले ही सुपरमैन पर फिल्म बना दी थी और इससे भी ज्यादा हैरानी की बात ये है कि उस फिल्म में सुपरमैन बनी थीं एक फीमेल एक्ट्रेस और वो थीं निरूपा रॉय, जिन्हें बाद में मां के रोल के लिए पहचाना जाने लगा। साल 1960 में आई इस फिल्म की कहानी और स्टाइल पूरी तरह से सुपरहीरो बेस्ड थी, जिसमें उड़ने वाले सीन्स, ताकतवर हीरोइन और क्राइम से लड़ाई दिखाई गई। इस फिल्म में सबसे दिलचस्प बात ये थी कि इसमें निरूपा रॉय ने सुपरमैन जैसी भूमिका निभाई थी। उस दौर में एक एक्ट्रेस को इतने दमदार और सुपरमैन जैसे किरदार में दिखाना एक बड़ी बात थी।

### इंडियन 'सुपरमैन' बनने के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

आपने कई फीमेल सुपरहीरो देखे होंगे, जैसे मार्वल की कैप्टन मार्वल, इलेक्ट्रा और ब्लैक विडो। डीसी ने भी कैटवुमन जैसी दमदार फीमेल सुपरहीरो पर फिल्में बनाई हैं। लेकिन, ऐसा दुनिया में पहली और अभी तक आखिरी बार हुआ है कि कोई महिला 'सुपरमैन' बनकर आई थी वो भी 1960 की बॉलीवुड फिल्म में। ऐसा अभी तक नहीं हुआ कि सुपरमैन का किरदार किसी महिला ने निभाया हो। ऐसा करने वाली निरूपा रॉय दुनिया की पहले एक्ट्रेस बन चुकी हैं।

# फिल्म की कहानी पर भारी पड़ा किरीती का डांस




**मुंबई।** राधाकृष्ण रेड्डी के निर्देशन में बनी फिल्म जूनियर 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की तरफ से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली। यह कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी के बेटे किरीती रेड्डी की पहली फिल्म है। इसमें श्रीलीला और जेनेलिया देशमुख अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'जूनियर' में अभि नाम के एक युवक की कहानी है, जो विजय सौजन्या के अधीन काम करता है। उसे जल्द ही जेनेलिया और उसके पिता के अतीत के बारे में कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलती हैं। वह इन बातों की खोज करता है जो उसके पिता के साथ उसके रिश्ते को बदल सकते हैं। फिल्म 'जूनियर' के प्रमोशन के दौरान, किरीती जूनियर एनटीआर के प्रति अपने प्यार का खुलकर इजहार करते रहे हैं। ऐसे में एक यूजर ने कहा है किरीती के डांस मूव्स युवा एनटीआर जितने ही बेहतरीन हैं। यूजर ने एक्स पर लिखा 'डांस मूव्स और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी ऐसा लग रहा है जैसे मैं टाइगर को देख रहा हूं। सच में।' एक एक्स यूजर ने लिखा है 'नए कलाकार के रूप में किरीती एक शोस्टॉपर हैं! उनके डांस की बेजोड़ ऊर्जा ने पर्दे पर चार चांद लगा दिए। जंग वाले दृश्यों में उनकी उपस्थिति अच्छी थी। उनके अभिनय में सहजता बेहद मनमोहक है। इस शानदार शुरुआत के साथ, उनका भविष्य उज्ज्वल है।

## कानन देवी की कहानी है साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण

# भारत की पहली लेडी सुपरस्टार, लेकिन रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आज भारतीय सिनेमा में कई महिलाएं प्रमुख अभिनेताओं के बराबर चमक रही हैं। वे अभिनय के अलावा निर्माता, गायक के रूप में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। लेकिन, भारत की आजादी से पहले ही भारतीय सिनेमा की पहली 'लेडी सुपरस्टार' ने यह सब कर दिखाया था। वह हैं बंगाली सिनेमा की पहली सुपरस्टार कानन देवी। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर कानन देवी एक बेहतरीन अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता थीं। उनकी मधुर आवाज, भावनात्मक अभिनय और साहसी व्यक्तित्व ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी. हालांकि, कनन देवी का शुरुआती जीवन इतना आसान नहीं था।



### जयदेव थी पहली फिल्म

*पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 22 अप्रैल 1916 को जन्मी कानन देवी गरीबी में पली-बढ़ीं। उनके बचपन का अधिकांश समय गरीबी में बीता। उनके पिता की मृत्यु के बाद, वह अपने रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम करने लगीं। 10 साल की उम्र में, एक दोस्त की मदद से उन्हें मूक फिल्मों में काम करने का मौका मिला। 1926 में रिलीज हुई जयदेव उनकी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्हें केवल पांच रुपए का वेतन मिला। यही उनके सिनेमा कॅरियर की शुरुआत थी।*

### अभिनय के साथ गाने भी गाए

*बाद में, उन्होंने बोलती फिल्मों में भी काम किया और अपनी पहचान बनाई। जोरभारत (1931), मां (1934), मनमय गर्ल्स स्कूल (1935) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। मुक्ति (1937) और विद्यापति (1937) की सफलता ने उन्हें सुपरस्टार का दर्जा दिलाया। इनमें उन्होंने न केवल अभिनय किया, बल्कि अपनी मधुर आवाज से गाने भी गाए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और एक समय ऐसा आया जब उन्हें भीड़ से बचाने के लिए सुरक्षा दी गई।*

### खुद की प्रोडक्शन कंपनी में बनाईं फिल्में

उस समय में ही उन्होंने श्रीमती पिक्चर्स नाम से अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और फिल्में बनाईं। इसी तरह, सव्यसाची कलेक्टिव नामक कंपनी भी शुरू की और बंगाली साहित्य पर आधारित फिल्में बनाईं, जिससे वह भारत की पहली महिला फिल्म निर्माता बनीं।

### दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया सम्मानित

उस समय में एक महिला का फिल्म में अभिनय करना और फिल्में बनाना आसान नहीं था। इसलिए, इसे एक क्रांति के रूप में देखा गया। कानन देवी ने अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की। तीन दशकों तक सिनेमा में सक्रिय रहीं और लेडी सुपरस्टार के रूप में जानी गईं। 1968 में उन्हें पद्मश्री और 1976 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### वैवाहिक जीवन में कठिनाइयों का किया सामना

सिनेमा में स्टार होने के बावजूद, कानन देवी ने अपनी वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने दो शादियां कीं। पहली शादी ब्रह्म समाज के प्रसिद्ध विद्वान हरंबा चंद्र मैत्रा के बेटे अशोक मैत्रा से की। इस शादी का कड़ा विरोध हुआ। एक महिला के रूप में फिल्मों में काम करने के कारण उनकी शादी का विरोध हुआ। हालांकि, पहली शादी पांच साल में ही टूट गई। इसके बाद, कानन देवी ने दूसरी शादी हरेंद्रनाथ चक्रवर्ती से की। उनके एक बेटा हुआ। हालांकि, पहली शादी के संकट से उबरने में कानन देवी को काफी समय लगा। इसी बीच, 1992 में उनका निधन हो गया। लेकिन, गरीबी से उठकर सिनेमा में प्रवेश कर, जो कोई भी महिला नहीं कर पाई, वह सब कर दिखाने वाली कानन देवी की कहानी साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### संचार एवं संकर्म समिति की बैठक 25 को

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता एवं सचिव, संचार व संकर्म समिति ने बताया कि संचार एवं सकर्म समिति की बैठक 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने उक्त बैठक में सर्वसंबंधितों को निर्धारित समय में उपस्थित होने कहा है।

### उप अभियंता भर्ती परीक्षा 20 को, पर्यवेक्षक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छग व्यापम द्वारा आयोजित उप अभियंता (सिविल/विद्युत/यांत्रिकी) भर्ती परीक्षा 20 जुलाई को शहर के 5 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से 12.15 बजे तक निर्धारित है। इस परीक्षा में कुल 1985 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन, पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार उड़नदस्ता दल एवं परीक्षा केंद्रवार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

### नाबालिग को झांसा देकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** नाबालिक बालिका के साथ अनाचार करने वाला आरोपी को हरियाणा से पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामला नवागढ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर 18 जून को थाना नवागढ़ में धारा 137 (2) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर विजय कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अशोक वैष्णव के नेतृत्व में सायबर तकनीकी के आधार पर आरोपी और अपहता पतासाजी हेतु टीम गुरुग्राम हरियाणा भेजा गया जहां से अपहता को आरोपी सुमित मनोहर के कब्जे से बरामद कर किया गया। आरोपी सुमित मनोहर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया को नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### जमीन विवाद को लेकर महिला पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** जमीन विवाद को लेकर महिला पर प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैंसदा का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैंसदा निवासी प्रार्थी दोहर दास निवासी भैंसदा थाना नवागढ़ के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज किराया की 16 जुलाई को यह अपने ससुराल डूडगा से जांजगीर गया था। इसी दौरान 16 जुलाई की रात्रि 11 बजे इसका बड़ा भाई गिरधरलाल सूर्यवंशी फोन कर बताया कि गांव का हीरेंद्र तरुण घर अंदर घुस कर तेरी भाभी को फरसे से मार दिया है। खबर सुनते ही अपने दोस्त नागेंद्र के साथ पहुंचा घर से खून से लतपथ हालात में इसकी भाभी को ईलाज कराने के लिए लेकर जा रहे थे।

## नगर निगम के एसएलआरएम मॉडल ने देशभर में बनाई अपनी पहचान

# आसान नहीं था 2 लाख की जनसंख्या में पहला स्थान हासिल करने से लेकर राष्ट्रपति से सम्मान पाने का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कचरे से कमाई कर दिया स्वच्छता दीदियों को रोजगार

स्वच्छता सर्वेक्षण में देशभर के महानगरों से प्रतिस्पर्धा करते हुए नगर निगम अंबिकापुर ने सुपर स्वच्छ लीग की श्रेणी में अपनी जगह बनाने में सफलता हासिल की और देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के सम्मानित होने का अवसर मिला। यह पूरे शहर के लिए गौरव का पल है लेकिन स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछले आठ सालों का सफर आसान नहीं रहा। सीमित संसाधनों में भी नगर निगम ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई और आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में अंबिकापुर के एसएलआरएम मॉडल को सराहा गया है और इसकी चर्चा हो रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू होने से अब तक के सफर में स्वच्छता दीदियों की कड़ी मेहनत और शहर की जनता के समर्थन ने ही इस मॉडल को सफल बनाया है।

देशभर में स्वच्छता सर्वेक्षण की बात 2017 में शुरू हुई लेकिन नगर निगम अंबिकापुर ने स्वच्छ भारत मिशन की नींव 2014 में ही डाल दी थी। तत्कालीन कलेक्टर श्रीमती ऋतु सैन ने शहर में एसएलआरएम सेंटरों और स्वच्छता दीदियों के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण की परिकल्पना की और प्रशिक्षण के एसएलआरएम सेंटरों की स्थापना के साथ इसे मूर्त रूप दिया गया। वर्ष 2015 में शहर के 48 वार्डों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य शुरू हो गया था। गीला सूखा कचरा संग्रहण के साथ ही इसके निपटान हेतु वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग किया गया और शहर ने कचरे से कमाई करके सभी को हैरान कर दिया। नगर निगम में 450 से अधिक स्वच्छता दीदियों को इस मॉडल के जरिए ना सिर्फ रोजगार मिला बल्कि कचरे से कमाई कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की। नगर निगम के इस एलएलआरएम मॉडल को छत्तीसगढ़ के साथ ही देशभर में लागू किया गया और विभिन्न निकायों ने इस मॉडल को अपनाया। जब देश में वर्ष 2017 में स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत हुई तो ननि अंबिकापुर ने शुरुआत से ही देशभर में अपनी बादशाहत बनाए रखी। इस दौरान तत्कालीन महापौर डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में ननि ने अनेको अवार्ड हासिल किए वहीं इस बार नगर निगम को राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने का अवसर मिला और शहर की पहली महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने यह अवार्ड हासिल कर शहर के साथ ही जिले को गौरवान्वित किया है।


राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने के बाद महापौर व नगर निगम की टीम।

### अब तक का सफर

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 15वां स्थान।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम, बेस्ट प्रैक्टिस इनोवेशन में देश में अव्वल एवं पूरे देश में 11वां स्थान।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 2रे स्थान में था वहीं स्टार रेटिंग शुरू होने साथ ही पहले बार में 5 स्टार रेटिंग मिली।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में 1 लाख से 10 लाख के जनसंख्या के शहरों में अंबिकापुर अव्वल रहा, 5 स्टार रेटिंग जारी रही।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में 1 से 3 लाख में द्वितीय एवं देश में पांचवां स्थान हासिल किया और फाइव स्टार रैंकिंग की श्रेणी में शामिल रहा।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर निगम को भारी नुकसान उठाना पड़ा और निगम 3 स्टार रैंकिंग में पहुंच गया जबकि देश में नेशनल रैंकिंग में निगम भी 27वें नम्बर पर आ गया था।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम ने फिर से उड़ान भरी और 85 प्रतिशत अंकों के साथ स्वच्छ सुपर लीग में जगह बनाई, 5 स्टार रेटिंग हासिल की।

### कचरे से कमाए 10 करोड़ रूपए

नगर निगम ने अपने एसएलआरएम मॉडल से ना सिर्फ कचरा प्रबन्धन किया बल्कि जिस कचरे को लोग सड़क पर फेंक देते थे उससे कमाई कर करोड़ो रूपए अर्जित किए। नगर निगम ने कचरा कलेक्शन के लिए दुकानों और घरों से यूजर चार्ज का कलेक्शन किया और अब तक नगर निगम ने 12 करोड़ रूपए की आय इरफ यूजर चार्ज से अर्जित की है। वहीं सूखा कचरा और गीले कचरे से बनी खाद को बेचकर 10 करोड़ रूपए की आय अर्जित की। नगर निगम ने अपने दम पर यह कमाई की। बड़ी बात यह है कि नगर निगम ने इस कमाई को स्वच्छता दीदियों को समर्पित किया। जिन स्वच्छता दीदियों को वर्ष 2015 में मानदेय महज 2 हजार रुपए मिलता था वे दीदियां आज 8 हजार रुपए मानदेय और 3 हजार रुपए बोनस के साथ किल 10 हजार रुपए मासिक प्राप्त कर रही है।

### ये है महत्वपूर्ण कार्य

- डंपिंग यार्ड में कचरे के पहाड़ को सेनेटरी में तब्दील किया गया।
- होम कम्पोस्टिंग।
- प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए कचरे के बदले खाना देने खोला गार्बेज कैफे।
- दीदी बर्तन बैंक की शुरुआत।
- फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना।
- मरीन ड्राइव में प्राकृतिक तरीके से जल शोधन की स्थापना की गई।
- गीले कचरे से खाद का निर्माण कर कमाई की गई।
- सीएनडी वेस्ट के लिए विशेष प्लांट की स्थापना की गई।
- प्लास्टिक कचरे से ग्रेनुअल दाना का निर्माण कर कमाई की गई।

### करेंगे और भी नवाचार

स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम अंबिकापुर ने शुरू से बेहतर प्रदर्शन किया और एक मॉडल के रूप में स्थापित हुआ। हमारे मॉडल को देखने के लिए देश और दुनियाभर के लोग आए। एसएलआरएम मोडल ने ना सिर्फ शहर को स्वच्छ बनाया बल्कि स्वच्छता दीदियों को रोजगार प्रदान किया। आज हमें राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने का अवसर मिला। आने वाले समय में हम अपनी पहचान को कायम रखने के लिए और भी बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे और नए नए नवाचार किए जाएंगे।

-**श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर, ननि

## नगर में करोड़ों की लागत से किए जाएंगे विकास कार्य : लोधी राम




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए शासन से करोड़ो रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से निकाय क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों को कराकर नगर को एक नया स्वरुप दिया जाएगा। विकास कार्यों को लेकर शासन से मिली स्वीकृति को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का ने पत्रकारों से चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम की पहल पर विकास के अनेकों कार्य फिर से प्रारंभ हो रहे है। उन्होंने बताया कि नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना मद से नगरवासियों के मांगलिक कार्यों के लिए 2 करोड़ की लागत से एक सर्वसुविधायुक्त मांगलिक भवन की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शहर के युवाओं के शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए रायपुर स्थित नालंदा परिसर की तर्ज पर बलरामपुर में 4.50 करोड़ की लागत से निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। कैबिनेट मंत्री श्री नेताम की पहल पर सीएम द्वारा अधूरे पड़े टाउन हॉल के निर्माण हेतु 3.51 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। वहीं ग्राम अधौरा स्थित अधूरे पड़े स्टेडियम व खेल परिसर हेतु 5.5, नगर के अटल चौक पर सिटी मॉल की तर्ज पर 4.50 करोड़ की लागत से मंडी बोर्ड के वित्तीय सहायता से 80 दुकानों का व्यवसायिक परिसर का निर्माण की स्वीकृति मिली है। जलभराव की समस्या से निजात दिलाने हेतु बड़े स्तर पर नालियों का निर्माण एवं सफाई की जा रही है। मुख्य मार्गों एवं अंधेरे इलाकों में नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नागरिकों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। गर्मी के मौसम में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए टैंकर सेवाओं के साथ-साथ जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार किया जा रहा है। जिस हेतु 78 लाख की लागत से पाइपलाइन का मरम्मत एवं विस्तार किया जाना है। आमजनों एवं समस्त निर्वाचित पार्षदों व अध्यक्ष के लिए गये सुझावों के आधार पर नगर के सुव्यवस्थित विकास के लिए सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है जिससे नगरवासियों के मंशानुरूप नगर का विकास संभव हो सके।

## समय पर शाला नहीं पहुंचने वाले प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस

बिर्रा। समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले प्रधान पाठक को बीईओ ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। मामला प्राथमिक शाला करही का है। शिक्षा विभाग के नया समय सारणी के अनुसार प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों को 9:45 बजे स्कूल पहुंचना है और स्कूल में उपस्थित बच्चों को प्रार्थना कराना है। इसके बाद 10 बजे से पढ़ाई का शुभारंभ करना है। लेकिन शासकीय प्राथमिक शाला करही में यहां के प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला 10:30 बजे स्कूल पहुंच रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला करही में कुल दो स्टाफ पदस्थ है, लेकिन 16 जुलाई बुधवार को सुबह 10 बजे स्कूल का जायजा लेने पहुंचे तो यहां पर एक शिक्षिका और सफाई कर्मचारी के अलावा स्कूल में 30 बच्चे उपस्थित मिले। यहां पर पहली से लेकर पांचवी तक की पांच कक्षाएं संचालित है। जिसमें से कुल दर्ज संख्या 34 बताया गया है। 10:30 तक यहां के प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला स्कूल नहीं पहुंचा था।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** विद्यालयी शिक्षा के मानक केन्द्र बन चुके दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोउल्लास के साथ वर्ष 2025 का अलंकरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती एवं बुद्धि के दाता भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं श्रीराम एडुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि एमसीबी जिले में पदस्थापित चिरमिरी के डिप्टी कलेक्टर बिजेन्द्र सिंह सारथी, विशेष अतिथि भूतपूर्व न्यायमूर्ति एवं संस्था के निदेशक वेंकटेश सिंह, निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह, प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी एवं सभी गणमान्य अभिभावकों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के खेल शिक्षक प्रेम कुमार वर्मा सहित भूतपूर्व छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा मशाल जलाकर मार्च-पास्ट किया गया। इस मार्च पास्ट में नवनिर्वाचित कनिष्ठ पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। शानदार मार्च पास्ट के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य एवं सुमधुर संगीत की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के पश्चात सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी के अलंकरण समारोह की शुरूआत की गई। निर्वाचित छात्र परिषद पदाधिकारियों में विद्यालय के प्रधान छात्र रूशील साहू, प्रधान छात्र सौम्या अग्रवाल, उप प्रधान छात्र समर्थ साहू, प्रधान छात्रा शैली जायसवाल, खेल कप्तान मोहम्मद हबीब अली, उप खेल कप्तान नमन, अनुशासन प्रमुख दीपांशी केवट, उप अनुशासन प्रमुख अदिति केसरवानी, सांस्कृतिक प्रमुख सिमरत सिंह उप सांस्कृतिक प्रमुख जपनूर सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार प्रमुख शांभवी शांडिल्य, कनिष्ठ प्रधान छात्र अभिजीत शांडिल्य, कनिष्ठ प्रधान छात्रा आरना अग्रवाल, कलाम सदन के कप्तान महिम यादव, उप कप्तान ऐशनी सिंह, रविन्द्रनाथ टैगोर सदन के कप्तान कृष्णा सिंह, उप कप्तान समृद्धि वर्मा, थॉमस अल्वा एडिसन सदन के कप्तान मोहम्मद जीशान, उप कप्तान आश्रिया सारथी, आर्यभट्ट सदन के कप्तान अद्विक आचार्य, उप कप्तान संस्कृति भगत सहित कुल 21 छात्र-छात्राओं को उनके कार्यकारी बैज द्वारा अलंकृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत विशेष है। संस्था के अध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से आपकी पहचान केवल एक छात्र की नहीं, बल्कि एक प्रतिनिधि की होगी, जो अपने आचरण, व्यवहार और कार्यशैली से विद्यालय की गरिमा को ऊंचाइयों तक ले जाएगा।




## चरित्र निर्माण, आत्मनिर्भरता की दी गई सीख

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा 14 जुलाई से 18 जुलाई तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका में पांच दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड जांच एवं राज्यपाल पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के निर्देशन में, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस शिविर में राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास के लिए जिले के 4 विद्यालयों से 7 स्काउट्स और 14 गाइड्स तथा तृतीय सोपान जांच शिविर के लिए 14 विद्यालयों से 42 स्काउट्स, 67 गाइड्स एवं 5 प्रभारी स्काउटर-गाइडर सम्मिलित हुए।



शिविर का मुख्य उद्देश्य स्काउट्स-गाइड्स को राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा के लिए तैयार करना था। यह परीक्षा आगामी माह में रायपुर स्थित राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी, जिसके उत्तीर्ण प्रतिभागियों को महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र के साथ-साथ बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस स्वरूप मिलेंगे। शिविर में प्रतिभागियों को स्काउटिंग के मूल तत्वों सहित ध्वज प्रणालियां, गांठ बांधना, टेंट निर्माण, प्राथमिक उपचार, खोज के संकेत, हाइकिंग, बिना बर्तन के खाना बनाना, आपदा प्रबंधन जैसी उपयोगी जानकारियों के साथ सोलह दिशाओं की पहचान, कंपास उपयोग, स्ट्रेचर निर्माण एवं जीवन कौशल संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर के अंतिम दिन सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया और कहा कि यह प्रमाण पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आपके समर्पण, अनुशासन और विकास यात्रा का प्रमाण है। आशा है कि ये मूल्य आप जीवन भर अपनाते रहेंगे। वहीं दैनिक दौरे पर पहुंचे जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि भारत स्काउट्स और गाइड्स बच्चों में चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों को विकसित करने वाली संस्था है।

ऐसे शिविरों से आदर्श नागरिकों का निर्माण होता है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका के प्राचार्य मोनिष कुमार गजेन्द्र ने कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही कॉलेज की पाठ्यक्रम जानकारी भी दी गई। शिविर के सफल संचालन में नागेश्वर साहू, रवि कुमार पाण्डेय, सुरेन्द्र राजवाड़े, सुनील बड़ा, श्याम कुमार आंडिल आदि का योगदान रहा।

## *ठेकेदार की हत्या करने वाले दो आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार*

देवरी-सारागांव। ठेकेदार प्रतिस्पर्धा के चलते ठेकेदार की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों द्वारा ठेकेदार की हत्या करना स्वीकार किया। घटना सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद का है। इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को थाना सारागांव को सूचना मिली कि ग्राम कमरीद निवासी कीर्तन गबेल के नव निर्मित मकान में वहां किराये से रहने वाले 62 वर्षीय प्रेमलाल पाण्डेय निवासी बीरसिंगपुर जिला शहडोल (म.प्र.) का शव फांसी के फंदे में झुलते मिलने की खबर प्राप्त होने पर थाना सारगांव पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर शव का निरीक्षण कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में मर्ग प्रकरण की जांच को गंभीरता से लेते हुए थाना सारागांव पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया मृत्यु संदेहास्पद होने से घटना की सूचना से जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रकरण में हत्या की आशंका होने से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के द्वारा मामले की जांच एवं अज्ञात आरोपी की ततकाल पतासाजी एवं अविलंब गिरफ्तारी हेतु जिला सायबर सेल की टीम को आदेशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में सायबर सेल मौके पर पहुंचकर थाना सारागांव प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर घटना स्थल निरीक्षण एवं मृतक से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलु को बारिकी से निरीक्षण एवं तकनीकी जानकारी एकत्र कर रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नवनिर्मित पुल पर...

जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि शहर क्षेत्र का यह मुख्य सड़क व्यस्त मार्ग है, जिससे होकर दिन-रात दर्जनों की संख्या में वाहन चालक आना-जाना करते हैं।

**पहली बरसात में ही खुली पोल-** विदित हो कि शहर के गेज नदी पर नव निर्मित पुल के शुभारंभ होने के बाद पहली बरसात शुरू हुई है और करोड़ो के नव निर्मित पुल के एप्रोज सड़क की हालत की पोल पहली बरसात में ही खुल गई। कई दिनों से पुल के पास एप्रोच सड़क के शुरूआत में गड्ढे कई दिनों से बने हुए हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग गड्ढ़ों को भरने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, इसके चलते लोगों को प्रतिदिन गड्ढ़ेयुक्त सड़क से आना-जाना करना पड़ रहा है।

### श्रद्धा और आस्था...

है कि वे तय समय पर पहुंचे और आयोजन को शांतिपूर्ण एवं दिव्य बनाए रखें। संपूर्ण आयोजन में सिद्धबाबा सेवा समिति के विकास श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, अजीत दुबे, अमित पोद्दार, नकूल तिवारी, नितिन गुप्ता, संदीप पुरी, पंकज कांत, पार्षद अजय जायसवाल, अजय अग्रवाल, श्रीमती अर्चना कक्कड़, चंद्रकांत चावड़ा, दीपक अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, गौतम शर्मा, विमलेश अग्रवाल, कुलेश्वर साहू, आशीष कक्कड़, सुभाष अग्रवाल, विनीत जायसवाल का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## मरीजों की देखभाल और नर्सिंग स्टाफ के व्यवहार पर प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ के कार्य दक्षता, टीम वर्क और आधुनिकीकरण, विकास हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अस्पताल प्रबंधन, संगवारी एवं चौपाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की वक्ता श्रीमती रूपा रावत सिंघवी ने व्याख्यान दिया। श्रीमती रूपा रावत एक स्वास्थ्य प्रोफेशनल है और उनके पास 18 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वहीं वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण व शिक्षण देने का काम वर्षों से आकर रही है। कार्यशाला के दौरान उन्होंने दिन प्रतिदिन आने वाली चुनौतियों के बीच संयम के साथ कैसे अपने कार्य को बेहतर तरीके से निभा सके और मरीजों की बेहतर देखभाल कर सकें, इस पर व्याख्यान दिया गया l साथ ही मरीज व परिजनों से सामान्य बात व व्यवहार भी कर सके, इसके लिए उन्होंने अपने कई अनुभव साझा किए। इस बीच स्पीकर ने नर्सिंग स्टाफ के विचार और अनुभव भी जाना तथा उनके कार्य करने की क्षमता को बढ़ाया जा सके इसके उपाय सुझाए।

इस दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम ने सभी को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया एवं प्रशिक्षण में बताई गई बातों को अपने दैनिक कार्य एवं व्यवहार में लाने की सलाह दी। अस्पताल अधीक्षक डॉ.आरसी आर्या ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सभी कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण से प्राप्त समझ के आधार पर अपने व्यवहार में सुधार लाने और मरीज व परिजनों की तकलीफ़ और भावनाओं को समझते हुए उनकी बेहतर देखभाल करने की सलाह दी। इस प्रकार का यह प्रशिक्षण देने वाला छत्तीसगढ़ का पहला मेडिकल कॉलेज है जहां सीएनई सेल का गठन किया गया है। सीएनई सेल के अंतर्गत यहां के नर्सिंग स्टाफ को वर्ष में कई बार अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।



संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान





डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com




कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, दूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411